25/07/24 पत्रावली पेश हुई। वकीलान उप।
बहस वकीलान सुनी गई। पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकीलान की बहस पर मनन के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखाया गया। आदेश प्रति TDR बाली व समस्त संबंधित को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी * बाली, जिला - पाली (राज.) *

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

न्यायालय
राजस्व विविध प्रकरण ...
दायरा तिथि : 21.03.202...
आदेश तिथि : 25...
प्रार्थी - ...

CamScanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)

**पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.**

राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2024 / 116
दायरा तिथि : 21.03.2024
आदेश तिथि : 25-07-2024
प्रार्थी :–

श्री छगनलाल पुत्र मांगीलाल जाति सरगरा निवासी खिमेल तहसील बाली जिला पाली (राज.)

ब ना म

अप्रार्थी :–

राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार बाली

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

आदेश दिनांक: 25-07-2024

प्रार्थी ने निर्धारित प्ररूप में आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कोठार पटवार हल्का कोठार तहसील बाली के खसरा नंबर 640 रकबा 0.2900 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से राजकीय सिवायचक भूमि ग्राम कोठार तहसील बाली के खसरा नंबर 639 रकबा 0.6900 हैक्टर व खसरा नंबर 630 रकबा 1.6600 हैक्टर मे से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा में लाल रंग से दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एव इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे तहसीलदार बाली को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार बाली एवं भू.अ.निरीक्षक, नाना ने जांच कर पत्रांक/राजस्व/2024/358 दिनांक 21.05.2024 से रिपोर्ट प्रस्तुत की। तहसीलदार बाली एवं भू.अ. निरीक्षक नाना की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. यह है कि आवेदक की खातेदारी भूमि ग्राम कोठार में स्थित हैं, जिसके खसरा नंबर 640 रकबा 0.2900 हैक्टर है। उक्त भूमि में प्रस्तावित रास्ते के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है। वर्तमान में आवेदक आवागमन के लिए इसी रास्ते का उपयोग कर रहा है।
2. यह है कि प्रस्तावित रास्ता कटान मार्ग खसरा नंबर 631 से न्यूनतम दूरी का है।
3. यह है कि ग्राम कोठार में रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. सं. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षैत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 630 | 1.6600 हैक्टर | बारानी सोयम | 126x9= 1134 वर्गमीटर | राजकीय सिवायचक राजस्थान सरकार |
| 2 | 639 | 0.6900 हैक्टर | बारानी सोयम | 85x9= 765 वर्गमीटर | राजकीय सिवायचक राजस्थान सरकार |

4. यह कि प्रस्तावित भू–भाग के खसरा नंबर की डी.एल.सी. दर 294481 रू/– रूपये प्रति हैक्टर है।
5. प्रस्तावित रास्ते की भूमि में किसी प्रकार का कोई भी निर्माण/वृक्ष नहीं है एवं न ही वृक्ष इत्यादि की क्षति है।

प्रकरण मे तहसीलदार, बाली द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी की मांग अनुसार रास्ता दिये जाने बाबत अनुशंषा की गई। तहसीलदार, बाली से रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण में प्रार्थी व अधिकार सरकार की बहस सुनी गई।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार.........02

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gems No 2024/112**

अनवान छगनलाल बनाम सरकार

***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् यह जाहिर है कि आवेदक की खातेदारी भूमि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कोठार पटवार हल्का कोठार तहसील बाली के खसरा नबर 640 रकबा 0.2900 हैक्टर की भूमि मे आवागमन के लिए कोई रास्ता वर्तमान में उपलब्ध नही होने से तहसीलदार, बाली द्वारा जाच के पश्चात अपने कार्यालय पत्रांक राजस्व/2024/358 दिनाक 21.05.2024 से नया रेकर्डेड रास्ता प्रस्तावित किया गया है।

अत: राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमॉक:प.3(52) राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो/शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कोठार पटवार हल्का कोठार तहसील बाली के खसरा नंबर 640 रकबा 0.2900 हैक्टर की भूमि की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से राजकीय सिवायचक भूमि ग्राम कोठार तहसील बाली के खसरा नंबर 639 रकबा 0.6900 हैक्टर व खसरा नंबर 630 रकबा 1.6600 हैक्टर में से **1134+765=1899 वर्गमीटर** रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत नक्शा मौका के अनुरूप उपलब्ध कराये जाने के आदेश** दिये जाते है।

राजस्व रेकार्ड मे इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :–

| खसरा नबर | रकबा हैक्टर में | रास्ते के लिये प्रभावित क्षेत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व.मी) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 294481/–रूपये प्रति हैक्टैयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 630 | 1.6600 हैक्टर | 126X9= 1134 वर्गमीटर | 30 | 34020 X2=68040 | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |
| 639 | 0.6900 हैक्टर | 85X9= 765 वर्गमीटर | 30 | 22950X2=45900 | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |

**प्रस्तावित रास्ता में अन्य कोई क्षति यथा निर्माण/वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार राशि 1,13,940/– (अक्षरे एक लाख तेरह हजार नौ सौ चालीस रूपये मात्र )** रूपये आवेदक द्वारा बतौर प्रतिकर अप्रार्थीगण निजी खातेदार/राज्य सरकार को अदा की जायेगी। प्रतिकर राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। तहसीलदार बाली व निरीक्षक भू–अभि. नाना द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड में बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता दर्ज करें।**

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा मे तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

(दिनेश विश्नोई)
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली
दिनांक 30-07-24

क्रमांक/कोर्ट/2024/926-930

**प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थ:–**

1. तहसीलदार, बाली निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि अमानत मद तथा राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि संबंधित मद में जमा की सुनिश्चितता करें।
2. निरीक्षक भू0अ0 नाना
3. पटवारी हल्का, कोठार
4. तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली
5. आवेदक श्री छगनलाल पुत्र मांगीलाल जाति सरगरा निवासी खिमेल तहसील बाली जिला पाली को सूचनार्थ।

उपखण्ड अधिकारी बाली
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी बाली

CamScanner